# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी,जिला सुकमा (छ.ग.)

**Ph.&Fax No. 07864-284401, Toll Free No. 18002332845, Email ID :- deo.sukma2012@gmail.com**

क्रमांक / 754/जि.शि.अ. / JEE / 2024–25 सुकमा, दिनांक 14 / 06 / 2024

—::सूचना::—

कार्यालय कलेक्टर जिला सुकमा के निर्देशानुसार सुकमा जिला में अखिल भारतीय स्तर की मेडिकल/इंजीनियरिंग परीक्षा "JEE" की तैयारी के लिए कोचिंग प्रदान करने प्रशिक्षकों का चयन हेतु दर्शित विषयों पर वॉक–इन–इन्टरव्यू का आयोजन दिनांक 24.06.2024 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से संलग्न समय–सारणी अनुसार स्थान जीईई–नीट कोचिंग सेन्टर सुकमा में किया जावेगा।

उक्त वॉक–इन–इन्टरव्यू एवं विज्ञापन प्रारूप की सम्पूर्ण जानकारी जिले के वेबसाईट में अपलोड कर दिया गया है। जिसे सुकमा जिला के वेबसाईट **www.sukma.gov.in** एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सुकमा (छ.ग.)

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला – सुकमा छ.ग.

Ph. & Fax No. 07864-284401, Email ID- deo.sukma2012@gmail.com, rmsa.sukma@gmail.com

क्रमांक/753 /जि.शि.अ./NEET कोचिंग/2024–25 सुकमा, दिनांक 14/06/2024

---:: वॉक-इन-इन्टरव्यू की सूचना ::---

कार्यालय कलेक्टर जिला सुकमा के निर्देशानुसार सुकमा जिला में अखिल भारतीय स्तर की मेडिकल/इंजीनियरिंग परीक्षा "JEE" की तैयारी के लिए कोचिंग प्रदान करने हेतु नीचे दर्शित विषयों पर वॉक-इन-इन्टरव्यू का आयोजन **दिनांक 24/06/2024 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से संलग्न समय सारिणी अनुसार स्थान जीईई-नीट कोचिंग सेन्टर सुकमा में किया जावेगा।** इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र पूर्ण कर मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणीत छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में वॉक-इन-इन्टरव्यू स्थल में उपस्थित होवें। स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक, साधारण पोस्ट या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। साथ ही निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | पद का नाम | विज्ञापित विषय | न्यूनतम मानदेय प्रतिमाह | आवश्यक योग्यता | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षक | गणित -1<br>कार्बनिक रसायन -1<br>भौतकी शास्त्र -1 | 40000/-<br>(Negosation) | बी.ई./बी.टेक/<br>/बी.एस.सी. | **1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक में उत्तीर्ण**<br>**2. मान्यता प्राप्त संस्था/ प्राईवेट संस्था या कोचिंग सेंटर में शिक्षकीय कार्य में अनुभव।** |

जिसे सुकमा जिले अधिकारिक वेबसाईट **www.sukma.gov.in** पर देख जा सकता है।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला – सुकमा

**वॉक-इन-इन्टरव्यू हेतु दिशा-निर्देश :-**

| क्रं. | पदों का विवरण | इन्टरव्यू दिनांक | वॉक-इन-इन्टरव्यू की समय सारणी | कार्यवाही विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रशिक्षक (गणित, कार्बनिक रसायन एवं भौतिकी शास्त्र) | 24.06.2024 | प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक | संलग्न आवेदन पत्र निर्धारित भरी हुई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन |
| | | | 01:00 बजे से 02:00 बजे तक | पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन, दावा आपत्ति का निराकरण। 02 बजे पात्र/अपात्र की अंतिम सूची का प्रकाशन । |
| | | | 02:00 बजे से 05:00 बजे तक | पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार |
| | | | अगला कार्य दिवस | अंतिम सूची का प्रकाशन |

**चयन प्रक्रिया एवं नियम/शर्ते :-**

1. पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विलोपित की जा सकती है। इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
2. अभ्यर्थी हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो माध्यम में शिक्षकीय कार्य करने में सक्षम हो।
3. प्रतिमाह न्यूनतम वेतन 40000/- (Negosation) होगा। तथा कार्य दक्षता के आधार पर मानदेय वृद्धि पर समिति द्वारा विचार किया जावेगा।
4. **यह संविदा नियुक्ति 03 माह के लिए होगी तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर दोनों पक्षों की सहमति से अगले 03 माह के लिये की कार्य अवधि रखे जाने पर विचार किया जा सकता है। यह सेवा वृद्धि अधिकतम 1वर्ष तक बढ़ाई जावेगी।**
5. चयन प्रक्रिया में पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक पर 20 प्रतिशत अंक, अनुभव पर 10 अंक (प्रत्येक एक वर्ष हेतु 02 अंक तथा अधिकतम 10 अंक) एवं साक्षात्कार पर 70 अंक **weightage** के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जायेगा।
6. अंतिम मेरिट सूची से अंकों के आधार पर वरीयता क्रम में अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा। चयनित अभ्यर्थी के पद ग्रहण न करने पर मेरिट सूची के अभ्यर्थियों से वरीयता क्रम में रिक्त पदों की पूर्ति की जावेगी। वॉक-इन-इन्टरव्यू दिनांक तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएं ही मान्य होगी।
7. **इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र पूर्ण कर मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में वॉक-इन-इन्टरव्यू स्थल पर उपस्थित होवें। निर्धारित तिथि, समय के पूर्व तथा पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।**
8. समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
9. आवदेक की उम्र 01 जनवरी 2024 को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष की आयु सीमा होनी चाहिए।
10. **अभ्यर्थी का शैक्षणिक कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर इनकी नियुक्ति तत्काल समाप्त किया जावेगा।**
11. अभ्यर्थी के विरूद्ध किसी प्रकार के अपराधिक मामले में संलिप्तता नहीं होनी चाहिए। संलिप्तता पाये जाने पर नियुक्ति निरस्त किया जावेगा तथा कानूनी कार्यवाही की जावेगी।
12. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप तथा नियम-शर्ते सुकमा जिले के वेबसाईट www.sukma.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं। अंतिम चयन सूची जिले के वेब-साईट पर अपलोड की जावेगी।
13. निर्धारित तिथि दिनांक 24/06/2024 को आयोजित वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से रिक्त पद की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में आगामी निर्धारित तिथि को पुनः वॉक-इन-इन्टरव्यू का आयोजन किया जावेगा, जिसकी सूचना पृथक से एन.आई.सी. वेब पोर्टल www.sukma.gov.in पर जारी की जावेगी ।

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला - सुकमा**

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला – सुकमा छ.ग.

**जीईई कोचिंग 2024 हेतु आवेदन पत्र प्रारूप**

**आवेदित पद का नाम :–** ................................................ **विषय** ..................................**माध्यम**..............................

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें।

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला – सुकमा छ.ग.

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................................
   अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में :–..........................................................................................
2. पिता/पति का नाम(हिन्दी में) :– ..........................................................................................
   अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में :–..........................................................................................
3. जन्मतिथि अंकों में :– ..........................................................................................
   शब्दों में :–..........................................................................................
4. लिंग – पुरूष /महिला/अन्य :–..........................................................................................
5. विवाहित/अविवाहित :–..........................................................................................
6. आयु दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में :–.........................वर्ष .......................माह............................दिन
7. छत्तीसगढ़ के मूल निवास का विवरण :– जिला ........................ तहसील..................ग्राम.......................
   (सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. अनु.ज.जाति./अनु.जा./अ.पि.वर्ग./ सामान्य जाति/वर्ग...............................
   (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. की स्थिति में समक्ष अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण-पत्र संलग्न करें)
9. शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है –

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | अध्ययन का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 5वीं | | | | | | | |
| 2. | 8वीं | | | | | | | |
| 3. | 10वीं | | | | | | | |
| 4. | 12वीं | | | | | | | |
| 5. | स्नातक | | | | | | | |
| 6. | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 9. | अन्य योग्यताएं | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

10. छत्तीसगढ़ राज्य शासन में अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम, निगम मंडल, निजी कोचिंग सेंटर में शैक्षणिक कार्य का अनुभव का विवरण :–

| क्र. | नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्था/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी/स्थायी/ संविदा/प्रतिनियुक्ति/अन्य | मासिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि संहित | कुल अनुभव (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

11. नियोक्ता के संबंध में जानकारी :-

| नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्थान/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया गया है या कर रहे, का पूर्ण पता | दूरभाष क्रमांक/मोबाईल | ई-मेल | अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | | | | |

टीप :- आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जांच कराई जायेगी, जांच में किसी भी प्रकार से गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पत्र हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यावाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

12. पत्र व्यवहार का पता - ..........................................................................................

- ..........................................................................................

मोबाईल/वॉट्सअप नंबर ....................................................................

जिला का नाम .................................. पिन कोड ...............................

13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची -

1. शैक्षणिक योग्याता अंतर्गत 5वीं/8वीं/10वीं/स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा के अंक सूची की छायाप्रति।
2. व्यावसायकि एवं अन्य योग्यताओं के परीक्षाओं के अंकसूची की छायाप्रति।
3. अनुभव प्रमाण पत्र (समक्ष अधिकारी द्वारा जारी)
4. मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति
6. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

**प्रमाण पत्र**

मैं घोषण करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त आवेदन पत्र में बिन्दु क्रमांक 01 से 13 तक में दी गई सम्पूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य है एवं मैं आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता/योग्यता रखता/रखती हूँ। मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति निरस्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैने यह आवेदन पत्र सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझ कर भरा है।

दिनांक :- ..................................

स्थान :- ..................................

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**एवं पूर्ण स्थायी पता**